समाचार

# सेप्टिक टैंक सफाई कार्य का दिया गया स्थल पर व्यवहारिक प्रशिक्षण

## (एम.पी.नगर अटल आवास के समीप आयोजित हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम)

कोरबा 09 मार्च 2021 –सीवरेज सेप्टिक टैंक की सफाई करने वाले हमारे स्वच्छता मित्रों को आज सेप्टिक टैंक सफाई कार्य का टैंक स्थल पर व्यवहारिक प्रशिक्षण विषय विशेषज्ञ के द्वारा दिया गया। मास्टर ट्रेनर एस.के.हैदर ने उन्हें कार्य के सुरक्षात्मक पहलुओं के साथ कार्य का सघन व सूक्ष्म प्रशिक्षण दिया। इस मौके पर वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक डॉ.संजय तिवारी एवं सुनील वर्मा भी उपस्थित रहे।

आवास एवं शहरी मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली की अधीनस्थ संस्था नेशनल सफाई कर्मचारी फायनेंस एण्ड डेवलपमेंट कार्पोरेशन के माध्यम से नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा सीवरेज एवं सेप्टिक टैंक जोखिम भरी सफाई विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रथम दिवस में गीतांजलि भवन स्थित सभागार में कार्य का सैद्धांतिक प्रशिक्षण एवं विभिन्न सुरक्षात्मक पहलुओं एवं नियमों की जानकारी प्रशिक्षण के दौरान सफाईमित्रों को दी गई, वहीं आज दूसरे दिन उन्हें मैदानी स्तर पर कार्य सघन व सूक्ष्म प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य प्रशिक्षक श्री एस.के.हैदर ने महाराणा प्रताप नगर अटल आवास स्थित सेप्टिक टैंक स्थल पर उन्हें कार्य का व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया, इस दौरान सेप्टिक टैंक सफाई के पूर्व की जाने वाली आवश्यक तैयारियों, कार्य के दौरान पी.पी.ई. किट पहनने, सक्शन मशीन व वैक्यूम सिस्टम के माध्यम से टैंक से सुरक्षित रूप से सीवरेज निकालने, सीवरेज मशीन में संग्रहित करने एवं उसका उचित प्रबंधन किए जाने जैसे कार्य की विभिन्न प्रक्रियाओं का व्यवहारिक रूप से प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य प्रशिक्षक श्री हैदर ने इस दौरान सफाईमित्रों से कहा कि सुरक्षात्मक तरीके से कार्य न करने पर संक्रमण व बीमारियों की आशंका रहती है, घटना, दुर्घटना की संभावना बनती है, अतः यह बहुत महत्वपूर्ण है कि कार्य के दौरान सुरक्षा को सबसे ज्यादा महत्व दिया जाए तथा इसके लिए निर्धारित गाईड लाईन का पालन किया जाए। इस मौके पर नेशनल सफाई

कर्मचारी फायनेंस एण्ड डेवलपमेंट कार्पोरेशन द्वारा सफाईमित्रों के हितों के लिए क्रियान्वित की गई योजनाओं की विस्तार से जानकारी भी सफाईमित्रों को दी गई तथा उनसे इन योजनाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया गया।

आज दिए गए व्यवहारिक प्रशिक्षण के दौरान वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक डॉ.संजय तिवारी एवं सुनील वर्मा, शिल्पा राठौर, अजीत, कुंजीलाल, शत्रुहन सारथी, रामप्रसाद मिर्री, सफाई एजेंसी के प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, रामू पाण्डेय आदि सहित अन्य कर्मचारीगण व स्वच्छतामित्र उपस्थित थे।